प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 17.01.2026 समय : 18.30 पीएम

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के मालदा रेलवे स्टेशन से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'पीएम सूर्यघर योजना' के लक्ष्य को जल्द पूरा करने के लिए अधिकारियों को कैशलेस मॉडल पर काम करने के निर्देश दिए।
- राजस्थान हाईकोट ने आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्री प्राइमरी में ही कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का आदेश दिया।
- प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर तापमान में बढोतरी से लोगों को तेज ठंड और शीतलहर से राहत मिली।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के मालदा रेलवे स्टेशन से हावड़ा और गुवाहाटी(कामाख्या) के बीच चलने वाली देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री मोदी ने गुवाहाटी–हावड़ा वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को भी वर्चुअल रूप से झंडी दिखाई। श्री मोदी ने कहा कि यह स्लीपर वंदे भारत ट्रेन यात्रियों को एक सुखद अनुभव देगी।

-----

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'पीएम सूर्यघर योजना' के तहत 150 यूनिट मुफ्त बिजली के लक्ष्य को जल्द पूरा करने के लिए अधिकारियों को कैशलेस मॉडल पर काम करने के निर्देश दिए हैं। आज जयपुर में 'राज उन्नति' की पहली समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश का सिरमौर बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने करीब दो हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में श्री शर्मा ने बिजली विभाग को खराब ट्रांसफार्मर्स निर्धारित समय में बदलने और सामाजिक न्याय विभाग को पेंशनर्स का वार्षिक सत्यापन शत–प्रतिशत पूरा करने को कहा।

उन्होंने जयपुर के हीरापुरा बस टर्मिनल को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और अजमेर–चंदेरिया रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण काम में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जनहित के कार्यों में कोताही बरतने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

0000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आगामी तीन दिनों तक फील्ड विजिट कर जमीनी जरूरतों के आधार पर बजट प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। आज जयपुर में विभाग की प्री–बजट समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि अधिकारी धरातल पर जाकर ऐसी सड़क परियोजनाओं का चयन करें, जो यातायात सुगम बनाने और जनता को तत्काल राहत देने के लिए आवश्यक हों। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी बजट के प्रस्ताव 'विकसित राजस्थान' विजन डॉक्यूमेंट के अनुरूप और समयबद्ध होने चाहिए।

0000

जोधपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के वैज्ञानिकों ने जल संकट से निपटने के लिए एक आधुनिक तकनीक विकसित की है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शोभना सिंह और उनकी टीम ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑफ थिंग्स पर आधारित एक स्मार्ट जल प्रबंधन प्रणाली तैयार की है। यह तकनीक पानी की कमी वाले क्षेत्रों में जल के कुशल उपयोग और बर्बादी रोकने में सहायक सिद्ध हो रही है। इस नवाचार के माध्यम से वास्तविक समय में पानी की निगरानी और उसका बेहतर प्रबंधन किया जा सकेगा। अधिक ब्यौरा दे रहे है हमारे जोधपुर संवाददाता।

-----

0000

उदयपुर के सवीना क्षेत्र में आज तड़के दो कारों की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई और 6 व्यक्ति घायल हो गये। हादसा नेला तालाब के पास हुआ। सवीना थानाधिकारी ने बताया कि हादसे के शिकार युवक उदयपुर के रहने वाले थे और एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लौट रहे थे।

0000

हज यात्रा के लिए प्रक्रिया पूरी करने की **समय सीमा बढाकर** 25 जनवरी कर दी गई है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इस तारीख के बाद कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। मंत्रालय ने हज यात्रियों से अपनी हज बुकिंग और अन्य दस्तावेज़ों को अंतिम रूप देने का आग्रह किया है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपने वैध पासपोर्ट अपने हज समूह आयोजक के पास या संबंधित कार्यालय में जमा करा दें और नुसुक पोर्टल पर अपना पंजीकरण विवरण दर्ज करें।

0000

राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर मुख्यपीठ ने शिक्षा के अधिकार–आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि जिन निजी स्कूलों में प्री–प्राइमरी कक्षाएं संचालित हैं, वहां प्रवेश का शुरुआती स्तर इन्हीं कक्षाओं को माना जाएगा। ऐसे स्कूलों को प्रारंभिक स्तर पर ही वंचित और कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करना अनिवार्य होगा। जस्टिस विनीत कुमार माथुर और जस्टिस चंद्रशेखर शर्मा की खंडपीठ ने कहा कि स्कूल केवल कक्षा–एक से मान्यता होने का तर्क देकर आरटीई नियमों से नहीं बच सकते। कोर्ट ने राज्य सरकार को इस निर्णय के अनुसार नया परिपत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं।

0000

प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में 23 जनवरी को होने वाली 'मेगा पीटीएम' की तैयारियों को लेकर आज जयपुर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने अधिकारियों को 20 जनवरी तक सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इस विशेष शिक्षक–अभिभावक बैठक को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा संबोधित करेंगे। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें, ट्रांसपोर्ट वाउचर और बालिका शिक्षा फाउंडेशन की विभिन्न योजनाओं के लाभ वितरित किए जाएंगे। श्री कुणाल ने अभिभावकों से इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है।

0000

राज्य में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के जरिये एक लाख युवाओं को उद्यमी बनाया जायेगा। इसके तहत सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के लिए 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिसका ब्याज राज्य सरकार वहन करेगी। उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड़ ने आज योजना के **नियम जारी करते हुए बताया कि** योजना के तहत विनिर्माण, सेवा और व्यापार क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए शैक्षणिक योग्यता के अनुसार ऋण श्रेणियां तय की गई हैं। स्नातक और आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं को 10 लाख तक, जबकि 8वीं से 12वीं उत्तीर्ण आवेदकों को साढे सात लाख रुपये तक का ऋण मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से युवा आत्मनिर्भर बनेंगे और प्रदेश में रोजगार के लाखों नए अवसर सृजित होंगे।

0000

भरतपुर के विश्वशास्त्री पार्क में आगामी 21 से 28 जनवरी तक 'राज सखी मेले' का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बताया कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस मेले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री करेंगी।

----

0000

सवाईमाधोपुर का 263वां स्थापना दिवस आज त्रिनेत्र गणेश मंदिर में महाआरती के साथ शुरू हुआ। हमारे संवाददाता ने बताया कि महाआरती के बाद दशहरा मैदान में मांडना और पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

----

अमरूद महोत्सव का उद्‌घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। महोत्सव में कृषि प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी दी जाएगी।

00000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर तापमान में बढोतरी के साथ ही लोगों को तेज ठंड और शीतलहर से राहत मिली है। मौसम विभाग द्वारा आज सुबह जारी रिपोर्ट के अनुसार पाली और करौली में सबसे कम 3 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। राजधानी जयपुर में तापमान बढकर 10 दशमलव 4 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले सप्ताह नये सिस्टम के असर से मौसम में एक बार फिर बदलाव होगा।

----

0000